हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 28 जुलाई 2024, समय 1305 (5 मिनट))

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी पर "मन की बात" कार्यक्रम की 112 कड़ी में देश के हथकरघा उद्योग की जमकर तारीफ़ की। हथकरघा उद्योग की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि, भारत के हथकरघा उद्योग का परचम केवल देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लहरा रहा है। देश में खादी ग्राम उद्योग कारोबार डेढ़ करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है और यह वृद्धि 400 प्रतिशत तक है। प्रधानमंत्री ने अपने संम्बोधन में हथकरघा उद्योग को आगे बढ़ाने वाली महिलाओं का ज़िक्र करते हुए "उन्नति" स्वयं सहायता समूह में शामिल होने और कपड़ों पर रंगों का जादू बिखेरने के लिए हरियाणा के रोहतक ज़िले की 250 महिलाओं की सराहना की।

श्री मोदी ने कई स्टार्टअप्स का ज़िक्र करते हुए कहा कि यह हथकरघा उद्योग को आगे बढ़ाने में लगे हैं और निजी कम्पनियां भी कृत्रिम मेधा के माध्यम से हथकरघा उद्योगों को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने लोगों से अपने स्थानीय उत्पादों को My Product My Pride हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि कई लोग जो पहले खादी के कपड़ों का इस्तेमाल नहीं करते थे, वे आज बड़े गर्व के साथ खादी पहन रहे हैं। अगले महीने की 7 तारीख़ को देश में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जायेगा। प्रधानमंत्री ने "मन की बात" में पेरिस ओलंपिक का ज़िक्र भी किया। उन्होंने कहा:-

श्री मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपनी संस्कृति पर गर्व करके ही प्रगति कर सकता है। भारत में इस संबन्ध में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने “परी” परियोजना का विशेष तौर पर उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा:-

प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को लेकर कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं। श्री मोदी ने मादक पदार्थों की चुनौती का ज़िक्र भी किया और कहा कि हर परिवार चिंतित है कि उनका बच्चा मादक पदार्थों के व्यसन में पड़ सकता है। "मानस" नामक विशेष पहल का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि, यह नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में एक क़दम है। "मानस" हेल्पलाइन और पोर्टल हाल ही में शुरु किया गया था।

....

भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों की कल नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बी जे पी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहे । श्री मोदी ने बैठक में शामिल मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों से कई मुद्दों पर चर्चा की।प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने बी जे पी के मुख्यमंत्रियों और उप-मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि पार्टी सुशासन और जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए निरंतर काम कर रही है। भारतीय जनता पार्टी नियमित अंतराल पर ऐसी बैठकें करती है। इसका उद्देश्य राज्यों में योजनाओं की समीक्षा करना और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी पहलों का लाभ आम जनता तक पहुंचाना सुनिश्चित करना है।

....